卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्यय सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 273 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦14 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दिल्ली में केदारनाथ मंदिर की प्रतिमा बनाने को लेकर उबाल

रुद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ मंदिर की दिल्ली में प्रतिमा बनाये जाने को लेकर केदारनाथ धाम से लेकर केदारघाटी की क्षेत्रीय जनता में विरोध के स्वर शुरू हो गए हैं। तीर्थ पुरोहित समाज, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, होटल कारोबारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर दिल्ली में भगवान केदारनाथ के मन्दिर निर्माण के फैसले को वापस लेने की मांग की है। शनिवार के बाद रविवार को भी केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों ने धामी



सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व केदारसभा अध्यक्ष किशन बगवाड़ी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने धाम में व्याप्त समस्याओं का कभी भी निराकरण नहीं किया, लेकिन दिल्ली में जाकर ट्रस्ट द्वारा निर्मित मन्दिर का शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा कि बाबा का वास हिमालय में है आप उस नाम का दुरुपयोग न करें। इस प्रकार के कार्य को शीघ्र बंद नहीं किया जाय। मुख्य पुजारी शिव शंकर ने कहा कि यह नर नारायण (शेष पृष्ठ सात पर)

## अमरनाथ नंबूदरी बद्रीनाथ धाम के नये मुख्य पुजारी

चमोली (उद संवाददाता)। बदरीनाथ धाम में नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी अब मुख्य पुजारी होंगे। शनिवार को उनका तिलपात्र हुआ था। जिसके बाद रविवार को उन्होंने धाम में स्थित पंचधाराओं में जाकर वहां के जल से स्नान किया। इसके बाद मंदिर पहुंचकर हवन कुंड में हवन किया। फिर तप्त कुंड में स्नान के बाद उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया। यहां पहले से मौजूद निवर्तमान रावल के साथ बाल भोग व आरती करने के बाद दोनों रावल स्वर्ण छड़ी के साथ रावल निवास में पंहुचे। अब से मंदिर में होने (शेष पृष्ठ सात पर)



## गधेरे में बहा सेना का जवान पांच दिन बाद भी नहीं मिला

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भीमताल में पदमपुरी मोटर मार्ग पर बमेटा गांव के पुल से लगे गधेरे में मंगलवार को नहाते सेना का जवान हिमांशु दफौटिया डूब गया था। हिमांशु को डूबता देख उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन



सफलता नहीं मिल पाई। पिछले पांच दिनों से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम हिमांशु की खोजबीन में लगी हुई है। लेकिन जवान नहीं मिल पाया है। हिमांशु के परिजनों ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के रेस्क्यू अभियान में सवाल खड़े करते हुए बिना उपकरणों के रेस्क्यू अभियान चलाने जाने पर नाराजगी जाहिर की है। पांच दिन से परिजनों का हाल बेहाल हैं। उन्होंने जिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में मासूम बालक की मौत, बहन गंभीर

रामनगर।ग्राम सांवल्दे क्षेत्र में सड़क किनारे नल से पानी भर रहे दो मासूम भाई बहनों को एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मासूम बालककी दर्दनाक मौत हो गई । जबकि उसकी 2 वर्षीय बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद जहां एक और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम ग्राम सावल्दे पश्चिम निवासी मदन सिंह का 8 वर्षीय पुत्र पवन अपनी दो वर्षीय बहन अनुष्का के साथ गांव में ही सड़क किनारे एक नल पर पानी भरने के लिए गया था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों का कहना है कि इसी बीच एक बुलेट बाइक सवार लापरवाही से बाइक चलाते हुए आया और उसने दोनों मासूम भाई बहनों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद बाइक सवार बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे में दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मौके पर मौजूद ग्रामीण व परिजन उपचार के लिए तुरंत सरकारी अस्पताल ले जहां चिकित्सकों ने पवन को मृत घोषित कर दिया । उसकी मासूम बहन अनुष्का के सिर में गंभीर चोटें आई हैं जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।





## जबरन शारीरिक संबंध बनाकर जेवर भी हड़पे

रूद्रपुर । एक महिला ने व्यक्ति पर बिना उसकी मर्जी के जबरन शारीरिक संबंध बनाकर जेवरों पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। ट्रांजिट कैम्प निवासी पीड़िता का कहना है कि 2 वर्ष से उसको एक व्यक्ति अपने साथ रख रहा है और जबरजस्ती शारीरिक सम्बंध बनाता है। जब वह इसका विरोध करती है तो वह उसको गलियां देकर मारता पीटता है और जान से मारने की धमकी देता है। उसका आरोप है कि उस व्यक्ति ने उसकी 5 जोड़ी चांदी की पायल, सोने का मंगल सूत्र, सोने के झुमके, व उसके 9 लाख रुपए भी जबरजस्ती ले रखे है। वह उस व्यक्ति के साथ रहना नही चाहती है परंतु वह जबरजस्ती रखना चाहता है।

## यूकेपीएससी की परीक्षा में शामिल हुए हजारों परीक्षार्थी

रूद्रपुर। लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सिविल, प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज सुरक्षा व्यवस्था के साथ नगर के अनेक परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। परीक्षा के लिए नगर में 6 परीक्षा केन्द्र सुपर इंटर कालेज खेड़ा, राजकीय कन्या इंटर कालेज फाजलपुर महरोला, आर्य कन्या इंटर कालेज काशीपुर बाईपास रोड़, भंजूराम इंटर कालेज भूरारानी, रूद्रपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी भगवानपुर तथा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज आदर्श कालोनी में बनाये गये थे। प्रात: 10 से 12 बजे तक की पहली पाली में हजारों की संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक आयोंजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए व्यापकतैयारियां की गई थीं। परीक्षा के लिए नियुक्त परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित सभी ड्यूटी पर तैनात कर्मी पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिये। परीक्षा केन्द्रों के आस पास शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 भी लागू की गई थी।केन्द्रों का सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा निरीक्षण भी किया गया।





## बदमाश ने चाकू की नोक पर महिला से जेवर लूटे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर में पुलिस की निष्क्रियता के चलते आपराधिक तत्वों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालत यहां तक पहुंच चुके हैं कि बदमाशों को सरे बाजार लोगों को लूटने में पुलिस का कोई खोफ नहीं रह गया है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें बदमाश ने काशीपुर बाईपास रोड पर अग्रसेन चौक पर चाकू की नोक पर बाजार से सामान लेकर लौट रही महिला को कुछ दूरी पर ले जाकर उससे जेवरात लूट लिए और फरार हो गए। वहीं दूसरी ओर पुलिस कर्मी पीड़िता की शिकायत दर्ज करने के स्थान पर उसे चौकी कोतवाली के चक्कर लगवा रहे हैं। पूजा पत्नी विजय सिंह निवासी विवेक नगर, ट्रांजिट कैम्प, वार्ड 9 ने बताया कि 11जुलाई को वह यहां मुख्य बाजार में सौदा लेने आयी थी। जब वह बाजार से सामान लेकर वापस घर जा रही थी तो मार्ग में अग्रसेन चौक के पास, काशीपुर बाईपास रोड में दो अज्ञात लड़के उसे मिले। उक्त लोगों ने उसे अपनी तरह-तरह की मजबूरी बताते हुए अपनी बातों में ले लिया (शेष पृष्ठ सात पर)



आवश्यकता है
समाचार पत्र में मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की अनुभवी को वरीयता
सम्पर्क करे-
9897427586

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फुलसुगां ट्रांजिट कैम्प से आज प्रात: एक युवती सदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। मामले की सूचना थाना पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार रामआसरे पुत्र बैनीराम निवासी फुलसुगां थाना ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि आज 14 जुलाई को सुबह लगभग 4 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री मीनाक्षी बिना किसी को कुछ बताए घर से कही पर चली गयी है। उसने अपनी पुत्री की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है परंतु पुत्री का कही पर कुछ पता नहीं चला है। उसने बताया रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन उसके मोबाइल पर आया था। पुत्री मोबाईल, कागजात तथा रुपए भी अपने साथ ले गई है। उसका मोबाईल नम्बर लगातार बंद आ रहा है।



## सांड ने गांव में मचाया आतंक हमले में किसान हुआ घायल

नानकमत्ता। सुनखरी में आवारा सांड ने आतंक मचाते हुए गांव के लोगों को परेशान कर दिया। सांड के हमले में एक किसान घायल हो गया। परेशान ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर सांड को गांव से बमुश्किल खदेड़ा। जानकारी के अनुसार ग्राम सुन खरी में एक आवारा सांड घुस आया, जिसने गांव के लोगों को परेशान कर हमला करना शुरू कर दिया। सांड के हमले में 32 वर्षीय गणेश पुत्र श्यामचंद घायल हो गया। वह अपने खेत में खाद डालने गया था इसी दौरान अचानक सामने से उस पर सांड ने हमला कर दिया । ग्रामीणों ने बमुश्किल किसान को सांड के चंगुल से छुड़ाया। घायल किसान को 108 की सहायता से उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। इधर ग्रामीणों ने सांड के आतंक से परेशान होकर उसे गांव से काफी दूर जंगल की ओर खदेड़ दिया।

आवश्यकता है
रूद्रपुर में शाम का अखबार बांटने के लिये युवकों की।
सम्पर्क करे-
9897427586

# बुटोला और काजी ने निकाला विजय जुलूस

## दोनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के शानदार प्रदर्शन से कांग्रेस के दिग्गज नेता हुए गदगद, हरदा, माहरा और गोदियाल ने दी बधाई







देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में सत्तासीन भाजपा को करारा झटका लगा है। दोनों ही सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी ने शानदार प्रदर्शन कर विजय हासिल की है। मंगलौर सीट के बाद अब बदरीनाथ विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस ने अपना कब्जा कर लिया है। उपचुनाव में हुई जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। उधर उपचुनाव में मंगलौर और बदरीनाथ सीट पर मिली हार के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कार्यकर्ताओं के साथ विजय जुलूस निकालकर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कांग्रेस के दोनो सीटो पर विजयी रहे प्रत्याशियों को शुभकामनायें दी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कांग्रेस प्रत्याशियो की जीत पर शुभकामनायें देते हुए क्षेत्रवासियो का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने हरिद्वार में मंगलौर सीट से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन को जीत की बधाई दी।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताआं ने काजी के साथ विजय जुलूस निकार हष व्यक्त किया। पूर्व सीएम हरदा ने कहा कि आज दिन लोकतंत्र की विजय के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का अवसर है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी की करारी पराजय को लेकर भी सियासी हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा सत्यमेव जयते ! श्री बद्रीनाथ और मंगलौर विधानसभा की जीत लोकतंत्र की जीत है, मंगलौर और श्री बद्रीनाथ की जनता की जीत है, आप सबको बहुत-बहुत बधाई एवं श्री बद्रीनाथ और मंगलौर की सम्मानित जनता का बहुत-बहुत आभार। वहीं बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपथ सिंह बुटोला की विजय से गदगद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने गोपेश्वर में लखपथ बुटोला के साथ विजय जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि क्षेत्र की जनता ने बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में में लोकतंत्र की जीत हुई है और भाजपा को करारा जवाब देकर कांग्रेस को सेवा का अवसर जनता ने दिया है। जनता की उम्मीदों और क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस निरंतर संघर्ष करेगी। उत्तराखंड में उपचुनाव में भाजपा का विजय रथ रुक गया है। भाजपा पिछले दस साल से सत्ता में है और इस दौरान जितने भी उपचुनाव हुए भाजपा ने जीत दर्ज की। वहीं कांग्रेस ने पिछले दस साल में यह पहली जीत दर्ज की है। बदरीनाथ और मंगलौर का चुनावी समर भाजपा के विजय रथ की कड़ी परीक्षा था। चंपावत और बागेश्वर उपचुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में जीत से भाजपा के हौसले बुलंद थे,लेकिन उपचुनाव के नतीजों में बड़ा उलटफेर हो गया। बदरीनाथ सीट पर भाजपा प्रत्याशी को हराने वाले 49 वर्षीय लखपत सिंह बुटोला पिछले दो दशक से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता के पद पर रहे और 2011 में थाला,पोखरी से जिला पंचायत सदस्य रहे। 2015 में कुछ समय के लिए चमोली जिला पंचायत अध्यक्ष की कमान भी संभाली। इसके अलावा मंगलौर विस सीट बसपा का गढ़ रही है। राज्य गठन के बाद हुए पांच विधानसभा चुनाव में इस सीट पर चार बार बसपा ने जीत हासिल की, जबकि एक बार कांग्रेस को जीत मिली। मंगलौर सीट पर भाजपा प्रत्याशी को मात देने वाले काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने बसपा के टिकट पर यहीं से 2002 व 2007 का विस चुनाव जीता था। कांग्रेस में शामिल होने के बाद काजी ने 2012 विस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन बसपा प्रत्याशी सरवत करीम अंसारी से लगभग 700 मतों के अंतर से हार गए, लेकिन इस बार उन्होंने जीत दर्ज की है।

# भगवान और जनता के घर में देर हो सकती है, मगर अंधेर नहीं!

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत ने उत्तराखंड में हुए उपचुनाव में कांग्रेस की दोनों सीटों पर हुई जीत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की



है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा है कि आज मंगलौर और श्री रुबद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत से मैं बहुत अभीभूत हूं। मैं बार-बार श्री बद्रीनाथ जी की धरती और मंगलौर की धरती को प्रणाम करना चाहता हूं, उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवारों को जीताकर कांग्रेस पार्टी को उत्तराखंड में और मुझको भी मेरे राजनीतिक जीवन के इस प्रहर में एक नई स्फूर्ति व एक नई ऊर्जा प्रदान की है। 2014 के बाद मेरे लिए जीत का स्वाद चखना बहुत कठिन हो गया है, थोड़ा मेरा उत्साह 2017 में हरिद्वार ग्रामीण से मिला, लगभग 40 वर्ष से भी ज्यादा समय के बाद वहां से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में अनुपमा विजयी हुई। वर्ष 2017, 2019, 2022 और उसके बाद 2024 की लगातार हारें मेरे आत्मबल पर निरंतर प्रहार कर रही थी, आत्मबल संजोना कठिनतर होता जा रहा था। तीन उपचुनाव पिथौरागढ़, थराली और बागेश्वर में मैंने संपूर्ण शक्ति लगाकर काम किया, बदले में केवल हार और उलाहना मिली। मगर आज श्री बद्रीनाथ और मंगलौर की जीत ने हमें यह संदेश दिया है कि भगवान के घर और जनता के घर में देर हो सकती है, मगर अंधेर नहीं हो सकता है। कुछ देर में ही सही, मगर कांग्रेस को संजीवनी देने वाली विजय हासिल हुई है। उत्तराखंड की जनता, श्री बद्रीनाथ और मंगलौर की जनता का बहुत-बहुत धन्यवाद। वहीं प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड के विधानसभा उपचुनाव में बद्रीनाथ की अभूतपूर्व जीत पर कांग्रेस प्रत्याशी भाई लखपत बुटोला जी सहित सभी वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई, आप सभी इक जुटता से कांग्रेस पार्टी ने यह चुनाव जीता है, यह जीत उत्तराखंड की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को समर्पित है और यह भगवान बद्रीविशाल का कांग्रेस पार्टी को आशीर्वाद है। पहले अयोध्या और अब बद्रीनाथ से भाजपा की बड़ी हार ने गंभीर संदेश दिया है कि हर बार विपक्षी पार्टी तोड़कर और उनके प्रत्याशियों को धन और पद का प्रलोभन, सांप्रदायिकता फैलाने और विभाजनकारी नीतियों पर बार-बार चुनाव नहीं जीते जा सकते, चुनावों में कांठ की हांडी बार-बार चूल्हे पर नहीं चढ़ा करती, उत्तराखंड की जनता महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार महिला उत्पीड़न से त्रस्त है और भाजपा केवल झूठ, जुमले और धर्म के नाम पर वोट बटोरना चाहती है, जिसको की जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। उत्तराखंड के कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी जी के संदेश को सार्थक किया है कि कांग्रेस ने उत्तराखंड के नफरत के बाजार में मोहब्बत की दो नई दुकान खोलीं हैं।

# जनादेश स्वीकार, पार्टी ने अपना कर्तव्य निभाया है : महेंद्र भट्ट

## हार के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, सभी चीजों की होगी समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में 10 जुलाई को मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर हुए



उपचुनाव में कांग्रेस ने दमदार जीत हासिल की है। मंगलौर सीट पर कांग्रेस ने कांटे की टक्कर में भाजपा को मात दी। वहीं बद्रीनाथ सीट पर कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से हराया है. नतीजे सामने आने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का रिएक्शन सामने आया है। शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने उपचुनाव में मिली हार को स्वीकार करते हुए कहा कि जनता ने जो भी जनादेश दिया है उसे भाजपा स्वीकार करती है। भट्ट ने कहा जल्द हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बद्रीनाथ विधानसभा सीट से प्रत्याशी चयन पर उठ रहे सवालों पर कहा कि पार्टी आगामी दिनों में सभी चीजों की समीक्षा करेगी। राजेंद्र भंडारी को लेकर महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी ने अपना कर्तव्य निभाया है। भाजपा ने चुनाव से पहले भंडारी को टिकट देने की बात हुई थी। बद्रीनाथ सीट पर भाजपा से मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी को वामपंथी और यूकेडी व अन्य दल के चुनाव नहीं लड़ने का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता ने अपना पूरा काम किया है। उसी का परिणाम है कि मंगलौर में भाजपा जीत के इतने करीब पहुंच पाई है। बता दें बद्रीनाथ विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला ने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह भंडारी को 5224 वोटों से करारी हार दी है। वहीं मंगलौर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना को कुल 422 मतों से हराया है।

# उपचुनाव में मिली हार से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू: धीरेंद्र प्रताप

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने दिन रात मेहनत कर जिताया चुनाव

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि उत्तराखंड में हुए उप चुनाव से साफ हो गया है कि भाजपा की उत्तराखंड में उल्टी गिनती शुरू हो गई है । उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के दोनों उम्मीदवार जीते हैं उसे साबित हो गया कि उत्तराखंड की जनता में भाजपा के राज के खिलाफ भारी आक्रोश है उन्होंने देश के अन्य भागों में भी कांग्रेस की मित्रों की जीत पर बधाई दी और कहा कि अब जब भी चुनाव होंगे उत्तराखंड में और देश के कई अन्य राज्यों में भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा । उन्होंने चुनाव में कांग्रेस के



प्रदेश अध्यक्ष करण महार द्वारा किए गए योग्य नेतृत्व के लिए प्रदेश अध्यक्ष को भी बधाई दी है उन्होंने कहा कि जिस तरह से कारण मारा करण माहरा ,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षों प्रीतम सिंह और गणेश गोदियाल व तमाम अन्य नेताओं ने रात दिन मिलजुल कर कार्य किया उसी का नतीजा है कि कांग्रेस ने यह चुनाव जीता है ।उन्होंने कहा कांग्रेस जब एक रहती है उसे कोई नहीं हरा सकता उन्होंने मतदान के दिन मैंगलोर में हुए गुंडागर्दी की जांच पर कायम रहते हुए कहा है कि उस दिन उधम मचाने वाले लोगों को जेल भेजा जाना चाहिए। उन्होंने चुनाव में उत्तराखंड हिमाचल में अन्य राज्यों में कांग्रेस को मतदान किए जाने के लिए यहां की जनता को बधाई दी है । उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस की लहर चल पड़ी है और आगामी सर्दियों में हरियाणा महाराष्ट्र वेनर राज्यों में होने वाले चुनाव में भी कांग्रेस भारी बहुमत से जीतेगी।

# उपचुनाव में हुए रोमांचक मुकाबले में मात खा गये भंडारी और भड़ाना

## बद्रीनाथ सीट से बुटोला ने 5224 वोटों से पछाड़ा, मंगलौर से कांग्रेस प्रत्याशी काजी ने 449 वोटों से मारी बाजी

देहरादून। उत्तराखंड में हुए उपचुनाव में रोमांचक मुकाबले में कांग्रेस ने दोनो सीट पर जीत की बाजी मारी है। बदरीनाथ विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस ने अपना कब्जा कर लिया है. कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला ने भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह भंडारी को 5224 वोटों से पछाड़ा है।उपचुनाव में हुई जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है.मंगलौर सीट पर 10 जुलाई को हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने बाजी मारकर भाजपा को 449 वोटों से पछाड़ दिया है। जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। बता दें उत्तराखंड में दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज होना था। 10 जुलाई को बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव हुए थे. मंगलौर विधानसभा सीट के पारिणाम सामने आ चुके हैं। जिसमें काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने 31727 वोट हासिल किए हैं. वहीं भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना ने 31305 वोट हासिल किए हैं। बसपा के उबैदुर रहमान को 19559 वोट मिले हैं. कांग्रेस की जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जश्न में डूब गए हैं उत्तराखंड में हुए उपचुनाव में भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा। दोनों सीटें पार्टी के हाथ से निकल गई। मंगलौर सीट पर फिर भी भाजपा का कभी कब्जा नहीं रहा, लेकिन बदरीनाथ सीट कई मायनों में खास थी। चुनाव प्रचार में भी पूरी ताकत झोंकने के बावजूद भाजपा को बदरीनाथ सीट से हाथ धोना पड़ा। बदरीनाथ और मंगलौर का चुनावी समर भाजपा के विजय रथ की कड़ी परीक्षा था, जिसमें भाजपा सफल नहीं हो पाई। मंगलौर सीट पर भाजपा ने करतार सिंह भड़ाना को मैदान में उतारा था, लेकिन भड़ाना कांग्रेस प्रत्याशी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन से मात खा गए। वहीं बदरीनाथ में भाजपा ने राजेंद्र भंडारी पर भरोसा जताया था, लेकिन कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला से भंडारी मात खा गए। वहीं भंडारी के भाजपा में आने से बदरीनाथ के भाजपा नेता और कार्यकर्ता खुश नहीं थे। उन्होंने खुले तौर पर तो इसका विरोध नहीं किया, लेकिन नतीजे संकेत दे रहे हैं। बदरीनाथ और मंगलौर सीट पर भाजपा की हार ने कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम किया है। लोकसभा चुनाव से पहले गढ़वाल मंडल की यही एकमात्र सीट थी, जो कांग्रेस के पास थी। लेकिन, कांग्रेस विधायक राजेन्द्र भंडारी भाजपा में शामिल हो गए। यह सब इतने नाटकीय तरीके से हुए की जो भंडारी 24 घंटे पहले जिन कपड़ों में भाजपा के विरोध में आक्रामक प्रचार कर रहे थे, वही भंडारी उन्हीं कपड़ों में दिल्ली में भाजपा को सदस्यता ले लेते हैं। मजेदार बात यह है कि भाजपा संगठन को इसकी हवा भी नहीं लगती है। मंगलौर विधानसभा सीट पर कांग्रेस को जातीय समीकरणों का फायदा मिला। मंगलौर सीट एक ऐसी सीट है जो भाजपा कभी नहीं जीत पाई है। अल्पसंख्यक बहुल यह सीट एक बार हाजी तो एक बार काजी के पास रही है। हालांकि भाजपा ने करतार सिंह भड़ाना को टिकट देकर कुछ हद तक गुर्जर वोट को अपने पक्ष में किया। अल्पसंख्यक वोट बसपा ओर कांग्रेस में बंटा जरूर, लेकिन इस बार काजी ने यह सीट जीत ली।

# नानकमत्ता साहिब में पार्किंग व कर्मचारी आवास का शिलान्यास



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में डेरा कार सेवा द्वारा कर्मचारी आवास एवं जोड़ा घर, कार पार्किंग का शिलान्यास किया गया। इस दौरान लाल गुरु दीवान हाल में अखंड पाठ साहिब का भोग पड़ा। रागी, ढाडी जथे ने गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब में कई बरसों से बंद कार सेवा पुनः शुरू हो गई। डेरा कार सेवा बग्ला साहिब दिल्ली के बाबा बचन सिंह, बाबा सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में कार पार्किंग, गुरुद्वारे के कर्मचारियों के लिए आवास, जोड़ा घर का अखंड पाठ साहिब करें भोग के बाद शिलान्यास किया गया। लाल गुरु दीवान हाल में दरबार सजाया गया, जहां रागी जथे ने गुरु की महिमा का बखान कर संगत को गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। जहां हजारों की तादात में पहुंची संगत ने में मत्था टेक गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह संधू, महासचिव अमरजीत सिंह, बाबा सतनाम सिंह, बाबा मोहन सिंह बाबा सूखा सिंह बाबा गुरजंट सिंह,बाबा रविंद्र सिंह,डायरेक्टर गुरदयाल सिंह, डायरेक्टर सुखवंत सिंह पन्नू, देवेंद्र सिंह प्रताप सिंह, गुरवंत सिंह सोनी, गुरुद्वारा प्रबंधक रणजीत सिंह, सुखवंत सिंह भुल्लर, बलदेव सिंह चीमा, रणजीत सिंह राणा , दारा सिंह,दिलबाग सिंह, सरदार लक्खा सिंह आदि मौजूद थे।

## कर्मचारियों को मिलेंगे नए आवास

नानकमत्ता। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में बरसों पुराने बने कर्मचारी के जर्जर आवास मैं रहने को मजबूर कर्मचारियों को अब कार सेवा के द्वारा नए कर्मचारी आवास बनने से कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। गुरुद्वारे के कर्मचारी पिछले कई वर्षों से पुराने जर्जर आवास में रहने की मजबूर थे। नई गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारे की सेवा शुरू कर सेवा में देने के बाद कर्मचारियों की वर्षों पुरानी समस्या को कर सेवा द्वारा नए आवास बनाकर पूरा किया जा रहा है, जिससे गुरुद्वारे के जर्जर आवास में रहने वाले कर्मचारियों में खुशी की लहर है। कर्मचारियों ने प्रबंधक कमेटी का आभार व्यक्त किया है।

# एससी एसटी एक्ट के अन्तर्गत लंबित मामलों का समय से हो निस्तारण : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शनिवार को अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय सतर्कता और अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का आयोजन 14 साल बाद किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बैठक का आयोजन हर 6 माह में किया जाए। सीएम धामी ने कहा कि आगामी बैठकों में एससी एवं एसटी आयोग के अध्यक्षों को भी विशेष सदस्य के रूप में आमंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत लंबित मामलों का समय से निस्तारण हो। इसके लिए न्यायालयों में नियमित पैरवी की जाए। सीएम ने कहा शिकायतें प्राप्त होने पर एफआईआर की कार्रवाई तत्काल की जाए और पुलिस द्वारा विवेचना तेजी से की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए की पीड़ितों को अनुमन्य सहायता राशि यथाशीघ्र मिले। सीएम ने निर्देश दिए कि 60 वर्ष की उम्र पूरी करने पर लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन लगाने की व्यवस्था का सरलीकरण किया जाए। सीएम ने कहा कि "अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की जानकारी के लिए आमजन में समाज कल्याण विभाग और गृह विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए।

उधमपुर जम्मू के लिये स्टाफ की आवश्यकता है।
1-अनुभवी शैफ 2-सफाई कर्मचारी 3-वेटर
रूकने और खाने-पीने की निःशुल्क सुविधा
सम्पर्क करे-8082319239 इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा भेजे-
Email-rajind.math@gmail.com

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# मेडिकल लैब एसोसिएशन की बैठक आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर मेडिकल लैब एसोसिएशन की एक बैठक अध्यक्ष थॉमस पीवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान पैथोलॉजी लैबों के रजिस्ट्रेशन से संबंधित विषय पर गंभीर चर्चा हुई। सभी लैब टेक्नीशियनों ने अपने अपने विचार रखे और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कोषाध्यक्ष राजीव यादव द्वारा एसोसिएशन को नया स्वरूप देने और राज्य स्तरीय एसोसिएशन बनाने पर बल दिया गया। मीटिंग में एसोसिएशन के विस्तार और नवीनीकरण पर भी चर्चा हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया कि मौजूदा परिस्थितियों के संबंध में एसोसिएशन का एक डेलिगेशन देहरादून में मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएगा। बैठक में विनीता यादव, शादाब खान, सुनील, नितिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
अकाउंटेंट टेली- 3 वर्ष का अनुभव
फील्ड ऑफिसर- 3 वर्ष का अनुभव
रिसेप्शनिस्ट- 2 वर्ष का अनुभव
सुपरवाइजर- 3 वर्ष का अनुभव
माली- 3 वर्ष का अनुभव
चपरासी
Mail yr bio data on Aalishan.uk@gmail.com
-संपर्क करें-
मो.9568300015,17

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# युवक मंगल दल के समीर सरकार बने अध्यक्ष

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।देवभूमि बैकुंठपुर नंबर एक के चहुंमुखी विकास के लिए ग्राम पंचायत बैकुंठपुर प्रधान बिरेंची पद गाइन की अध्यक्षता व आम जनमानस ,जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में समीर सरकार को युवक मंगल अध्यक्ष ,रामगोपाल सरकार कोषाध्यक्ष,सुजीत गोलदार उपाध्यक्ष,संजीत हालदार सचिव,बलाई साना एडीटर व आलोकेश सरकार,मनोज मिस्त्री,विशाल मंडल



सदस्य चुने गए। राम चंद्र राय को सर्वसम्मति से संरक्षक चुना गया। राम चंद्र राय ने कहा कि कमेटी का मुख्य उद्देश्य नशा उन्मूलन अभियान, युवाओं को आत्मनिर्भर और सामाजिक सौहार्द कायम रखने शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार पर जोर देना है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनिमा सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य परेश मंडल,कीर्तन कमेटी अध्यक्ष पंचानन मंडल,जीवन विश्वास,नरेन हालदार,प्रकाश हालदार, कृष्णपद मंडल,सुजीत गोलदार,अलोकेश,हरिकृष्ण बैरागी,राकेश सरकार आदि लोग मौजूद थे।संचालन राम चन्द्र राय एवं अध्यक्षता बिरेन्ची गाइन ने किया।

# संगीतमय भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

सितारगंज (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर व महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के विशेष सहयोग से संगीतमय सप्ताह भागवत कथा का शुभारम्भ वैदिक मन्त्रोंचार के साथ श्री सनातन धर्म मंदिर से 108 महिलाओं के कलश यात्रा व भागवत कथा के नगर भ्रमण से प्राम्भ हुई। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुऐ व्यास पीठ पर विराजमान की गई। अध्यक्ष रोशन लाल अग्रवाल ने बताया की संगीतमय श्रीमद भागवत सप्ताह भक्ति ज्ञान महायज्ञ का सुन्दर आयोजन पंडित रामजी महाराज वृंदावन वालों के मुखरविन्द से अमृतमई कथा को सुनने का भक्तों को सौभाग्य मिलेगा।कलश यात्रा में रोशन लाल अग्रवाल, सुरेश सिंघल सुरेश अग्रवाल, शिवकुमार मित्तल, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल, कपिल मित्तल, सुरेश जैन,राजेश जिंदल,भीमसेन गर्ग, भगवान भंडारी, पियूष गर्ग, संजय मित्तल, राजेश अरोरा, संदीप बंसल, जीवन बोरा, संतोष गुप्ता, सुशीला गोयल, सुधा जिंदल, मथुरा प्रसाद तिवारी मौजूद रहे।



# दिव्यांग कन्या के विवाह में मदद को बढ़ाये हाथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रूद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सुभाष कालोनी निवासी दिव्यांग कन्या कोमल के विवाह में मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए अपनी ओर से दहेज का घरेलू सामान, कंबल,डिनर सेट,वाटर कूलर,कुकर, प्रेस ,पंखा एवं कपड़े आदि प्रदान किये। उन्होंने नव दंपत्ति को आशीर्वाद देते हुए सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।



# कांग्रेस के साथ चलना चाहती है जनता: खान

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधान सभा उप चुनाव में मंगलोर सीट पर काजी निजामुद्दीन बद्रीनाथ सीट पर लखपत भटोला की जीत पर कांग्रेस नेता



एन यू खान ने खुशी व्यक्त करते हुए दोनों प्रत्याशियों सहित सभी कांग्रेस जनों को बधाई दी है। एन यू खान ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। कांग्रेस से हमेशा सभी वर्गों धर्म और जातियों का भला किया है जब कि भाजपा भारी बरसात में भी गरीबों को उजाड़ने का कार्य कर रही है। अब जनता आपसी भाईचारा क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस के साथ चलना चाहती है आने वाला 2027 व नगर पालिका चुनाव कांग्रेस का होगा और जनता भाजपा को इसी तरह आगामी चुनाव में भी सबक सिखाएगी।

# खेलकूद प्रतियोगिताएं 18 और 19 को

गूलरभोज(उद संवाददाता)। संकुल प्रभारी कुंदन लाल कौशिक ने बताया कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उननयन योजना के तहत न्याय पंचायत गोविंदपुर नगर पंचायत गूलरभोज व न्याय पंचायत स्तर के खेल बालक वर्ग के 18 जुलाई व बालिका वर्ग के 19 जुलाई को ए एन के इंटर कॉलेज में कराए जाएंगे इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण का लिंक सभी विद्यालयों के पास मौजूद है पंजीकृत खिलाड़ी का सभी खेलों में प्रतिभाग करना आवश्यक है।

# होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित

टनकपुर (उद संवाददाता)। निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं, उत्तराखंड डा० जे.एल.फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा० अशोक सिंह नगरकोटी, के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरन्तर कैंप के माध्यम से आम जन को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने व सरलता से उन तक औषधि पहुंचने के क्रम में कैनाल पुल - नेपाल बॉर्डर, बनबसा जनपद चंपावत के मैदानी क्षेत्रों मे डेंगू



से बचाव / रोकथाम हेतु निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में डा० कमल कुमार,राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय चम्पावत, उपेंद्रनाथ गुप्ता फार्मासिस्ट राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय लोहाघाट ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें निःशुल्क दवाईयां वितरित की। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया।

# मंगलौर व बद्रीनाथ के उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर मनाया जश्न





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा के मंगलौर और बद्रीनाथ उपचुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर कांग्रेस भवन स्वराज आश्रम में कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। नाच-गाने, पटाखों और मिठाइयों के साथ इस जीत एक दूसरे को बधाई दी नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस जीत को शीर्ष नेतृत्व की सफलता बताया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा। यह सत्य और सच्चाई की जीत है। सत्ताधारी चाहे कितने भी मजबूत हों, उनके साथ धनबल और पूरा प्रशासन था। लेकिन हमारे पास मजबूत कार्यकर्ता और जनता का आशीर्वाद था।विधायक सुमित हृदयेश ने कहा यह जीत कांग्रेस की विचारधारा और कार्यकर्ताओं की है। उपचुनाव में भाजपा द्वारा लोकतंत्र को कुचलने और कांग्रेस पार्टी के लोगों को उनके वोटिंग अधिकार से वंचित करने के बावजूद, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निडर होकर मुकाबला किया और सरकार को करारा जवाब दिया। कांग्रेस आगे भी लगातार जीत दर्ज करेगी। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष हल्द्वानी गोविंद सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक संजीव आर्या, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, हेमंत बगड़वाल, ललित जोशी, सुहेल अहमद सिद्दीकी, जगमोहन चिलवाल, मोहन सिंह बिष्ट, जाकिर हुसैन, मुकुल बल्यूटिया, शोभा बिष्ट, भगवती बिष्ट, राजो टंडन, विमला सांगुडी, संदीप भैसोडा, विनोद कुमार, डा. केदार पलड़िया, मनोज शर्मा, हेमंत साहू, गिरीश चन्द्र पाण्डे, त्रिलोक बनौली सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे। **गूलरभोज**- मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर गूलरभोज के तिराहे पर एकत्रित होकर जश्न मनाते हुए पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी इजहार की ओर मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि जीत और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा का घमंड एक बार फिर चूर हो गया है। धर्म नगरी अयोध्या के बाद बद्रीनाथ में भी भाजपा की हार ने यह साबित कर दिया है कि अब धर्म के नाम पर राजनीति नहीं चलेगी। वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ता किशोर सामंत ने कहा कि उत्तराखंड की जनता भाजपा नेताओं के जुमले को अच्छी तरह समझ चुकी है अभी तो भाजपा की हार की शुरुआत हुई है एक बार फिर कांग्रेस 2027 के विधानसभा चुनाव में पुनः सत्ता में लौटेगी और जनता को जन विरोधी नीतियों से निजात दिलाएगी। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। **केलाखेड़ा**- उत्तराखंड के मंगलोर व बद्रीनाथ विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर से अपने राजनीतिक अस्तित्व का झंडा गाढ़ दिया है। उपचुनाव मे जीत के बाद कांग्रेसियों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। बता दें कि केलाखेड़ा नगर क्षेत्र में, सज्जन नेता के नेतृत्व में फिदानगर चौराहे पर मिष्ठान वितरण कर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने दर्जनों नगर वासियो के साथ मिलकर खुशियाँ मनाई। शनिवार देर शाम दर्जनों कांग्रेसियो ने फिदानगर चौराहे पर एकत्र होकर मिष्ठान वितरण किया, जिसके बाद जोरदार नारेबाजी के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन किया गया। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने बताया कि कांग्रेस ने चुनाव में दोनों सीटों को अपने पाली में कर दिया है. जनता ने उत्तराखंड में आने वाली समय में राजनीतिक हवा का रुख कांग्रेस की और होने का इशारा कर दिया गया। महंगाई और बेरोजगारी के साथ-साथ धार्मिक विवादों से त्रस्त जनता में अब भाजपा को सबक सिखाने का मन बना दिया है. इस दौरान सज्जन नेता, चंदन सिंह, त्रिनाथ विश्वास, किशोर सामंत, मोहित, श्याम सिंह, दिलशाद अली, दानिश अंसारी, शमशाद, राशिद, हनीफ, संजीव, किशन सिंह आदि लोग उपस्थित थे। **नानकमत्ता**-उत्तराखंड विधानसभा के उपचुनाव में मंगलौर व बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी के विजयी होने पर कांग्रेसियों ने मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस ही भाजपा को हराने का सबसे अच्छा विकल्प है। जनता ने उपचुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का काम किया है। श्री राणा ने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी, इसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से हवन करते हुए कहा कि अभी से वह चुनाव की तैयारी को लेकर जुड़ जाए, इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह राणा, नरेंद्र सिंह पिंटू, सतनाम सिंह करनावल, सुरेंद्र सिंह करनावल, रामनरेश राणा, सतपाल सिंह, राणा आदि मौजूद थे।





## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का किया शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता इण्टर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत वृक्षारोपण कर की गयी। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के साथ जेसीआई एल्यूमनी संस्था द्वारा विद्यालय में पौधे लगाये गये। कालेज के प्रधानाचार्य डा. सतीश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किये गये ष्एक पेड़ माँ के नामष अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को अपने घर के आस-पास एक पौधा अपनी माँ के नाम से लगाना था। लेकिन बहुत बड़ा वर्ग इस प्रकार के छात्रों का है जिसके घर या आस-पास वृक्षारोपण का स्थान नहीं है उनके लिए विद्यालय में वृक्षारोपण करने का अवसर दिया गया है। इसी के अन्तर्गत जनता इण्टर कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरूवात की गयी। इस अभियान में स्थानीय जेसीआई एल्यूमनी संस्था द्वारा विद्यालय में 150 पौधे दिये गये। अभियान की शुरूवात जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, खण्ड शिक्षा अधिकारी मो. सावेद



आलम, विद्यालय प्रबन्ध समिति, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार, जेसीआई ऐल्यूमनी क्लब एवं छात्रों ने पौधे लगाकर की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं। वर्तमान में बढ़ते विकास के क्रम में पर्यावरण स्तर में निरन्तर गिरावट आ रही है जिससे निपटना एक बड़ी चुनौती है। प्रदूषण के इस बढ़ते दौर को रोकने के लिए पेड़ एक मात्र उपाय हैं इसलिए घरती और जीवन को बचाना है तो हमे अनिवार्य रूप से वृक्ष लगाने पड़ेंगे और उनकी सुरक्षा भी करनी पड़ेगी। प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने बताया कि विद्यालय में पहले भी लगभग 2000 पौधे है। लेकिन विद्यालय को ट्री गार्ड की आवश्यकता है। जेसीआई एल्यूमनी क्लब के अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि ट्री गार्ड उनकी संस्था उपलब्ध करायेगी। उनके साथ कैलाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, हरवीर चौधरी, प्रदीप कुमार, सुनील शुक्ला, महेन्द्र मित्तल, श्रीराम मौर्य, नीलम अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल ने भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संजय आर्य, अर्जुन सिंह, भुवन चन्द्र डुंगराकोटी, मनोज सिंह, विजय त्रिवेदी, महेन्द्र कुमार, विरेन्द्र जोशी, हेम पंत, अमित कपूर, अनिल गंगवार, गोविन्द मजूमदार संजीत चक्रवर्ती, लाल बहादुर, रंजीत राज, अमित भारती, मुकेश, रचना नेगी, मनीषा, प्रियंका जोशी, ज्योति, कल्पना, वर्षा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## गायन प्रतियोगिता का सेमीफाईनल 4 अगस्त को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का सेमीफाईनल 4 अगस्त को एवं फाईनल 5 अगस्त को काशीपुर बाईपास रोड स्थित होटल रूद्रा कांटीनेंटल में होगा। जानकारी देते हुए संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से लोक रचना समिति के बैनरतले स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता से निकली प्रतिभाएं इंडियन आईडल जैसे शो में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। पिछले दिनों गायन प्रतियोगिता का ऑडीशन आयोजित किया गया था जिसमें जिले भर के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया। सब जूनियर जूनियर और सीनियर तीन ग्रुपों में आयोजित की जा रही गायन प्रतियोगिता के ऑडीशन



में तीनों ग्रुपों से सेमीफाईनल के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया था। प्रतियोगिता का सेमीफाईनल राउण्ड 4 अगस्त को होटल रूद्रा कांटीनेंटल में शाम चार बजे से आयोजित होगा। जबकि फाईनल राउण्ड 5 अगस्त को होगा। फाईनल में तीनों ग्रुपों से प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय और तृतीय विजेताओं का चयन किया जायेगा। जिन्हें आकर्षक पुरस्कार दिये जायेंगे।

## प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर कार्यकारिणी का विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर हल्द्वानी कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई।



जिसमें कार्यकारिणी के विस्तार के साथ ही नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने एवं संचालन नगर महामंत्री मनोज जायसवाल ने किया। महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा एवं महामंत्री मनोज जायसवाल द्वारा महानगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर संजय गुप्ता (टिल्लू), बृजेश तिवारी (डब्बू) एवं मयंक गुप्ता, सचिव पद पर बसंत, विनोद जोशी, संयुक्त सचिव पद अंकुर ओबरॉय, महिला संयुक्त सचिव किरण जोशी, जीएसटी प्रभारी अमन केसरवानी, संयुक्त मंत्री पद पर पवन सागर, कमलेश बोरा, संगठन मंत्री पद पर कृष्ण फुलारा, विजय गुप्ता, मंत्री पद पर रानू रावत, राकेश जोशी, चेतन कर्नाटक, मीडिया प्रभारी पद पर अजय वर्मा, कार्यालय सचिव कपिल अग्रहरि, युवा प्रभारी अतुल जायसवाल, मीडिया प्रबंधक के पद मनोज कुमार पाण्डे, युवा अध्यक्ष पद पर उमेश गुप्ता एवं युवा महामंत्री पद पर तनिष्क शर्मा को नियुक्त किया गया। जबकि संरक्षक मंडल मे धीरेंद्र रावत, विरेन्द्र चड्डा, रामबाबू जायसवाल को मनोनीत किया गया।

## युवा वैश्य महासभा के अतुल अध्यक्ष व कपिल महामंत्री बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। युवा वैश्य महासभा की आमसभा का आयोजन हुआ। जिसमें वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा पिछले 2 साल में किए गए कार्य व आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया।आगामी 7 सितंबर से प्रारंभ होने वाले गणेश महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।तत्पश्चात चुनाव अधिकारियों वैश्य महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल, महामंत्री तनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विजय गुप्ता, रजत माहेश्वरी द्वारा अगले दो वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु अतुल जायसवाल तथा महामंत्री पद हेतु कपिल अग्रहरि को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम का संचालन



सुमित जायसवाल ने किया। बैठक में युवा वैश्य महासभा एवं घटक दलों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रुप से युवा वैश्य महासभा पूर्व अध्यक्ष उमेश गुप्ता, अक्षत मित्तल, विपुल अग्रवाल, सुमित केसरवानी, डॉ पंकज अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, सरिल गोयल, राजेश साहू, नवनीत देववंशी, सुनील माहेश्वरी, मोहन लाल अग्रहरि, उदय गुप्ता, कनव अग्रवाल, नितेश देवल, केतन जायसवाल, जलज वार्ष्णेय, विजय साहू, राजेश जायसवाल, मयंक अग्रवाल, नमन जैन, अनुज गोयल, अमित गोयल, प्रदीप साहू, सचिन खण्डेलवाल, अभिषेक अग्रहरि, पप्पू गुप्ता, ममित देवल, यश गुप्ता, तरूण माहेश्वरी, लोकेश साहू, योगेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहे।

# जलभराव की समस्या से निपटने के लिए करें ठोस इंतजाम: डीएम

खटीमा(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने लोहियाहेड गेस्ट हाउस में खटीमा में विगत दिनों में आई बाढ़ आपदा से राहत एवं बचाव कार्यों की विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि बाढ़ से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जहाँ भी सिल्ट, मलबा आदि जमा हुआ है उसे शीघ्र हटाएँ। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में जलभराव के कारण कभी ऐसी स्थिति न हो इसके लिए ड्रेन बनाने हेतु क्षेत्र में सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि समय से कार्य हो सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि बाढ़ आपदा के कारण क्षेत्र में जो सड़के क्षतिग्रस्त हुई है दो दिन के भीतर उनका आंकलन कर रिपोर्ट दें। जहाँ बजट की आवश्यकता है उनका डीपीआर तैयार कर शीघ्र भेजे, जिससे कार्य तेजी से हो सके। जिलाधिकारी ने पूर्ति विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन व आवश्यकतानुसार ड्राई राशन वितरण करते रहे ताकि कोई भी भूखा न रहे। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अपनी टीम लगाकर बाढ़ में हुए पशु हानि का आंकलन कर अपनी रिपोर्ट शीघ्र दें ताकि ससमय प्रभावितों को मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने जल संस्थान को निर्देश दिए कि जिन-जिन स्थानों पर पशुओं को रखा गया है उनके पानी पीने के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुए पाईपलाईनों का आंकलन कर तत्काल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि आगे का कार्य त्वरित गति से हो सके।उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि अपनी टीम लगाकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए फसलों की क्षति का आंकलन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि किसानों को मुआवजा मिल सके। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि बाढ़ के कारण हुए जल भराव की समस्या का शीघ्र निस्तारण कराएं एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी अवश्य कराएं। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के उपरान्त नगला तराई में बाढ़ के कारण टूटी नहर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने उपमहाप्रबंधक यूजेवीएनएल लोहियाहेड एवं अधिशासी अभियंता हेड वर्क बरेली को निर्देश दिए कि नहर के बाँध को पूर्ण ठीक करने के उपरांत ही विद्युत उत्पादन हेतु नहर में पानी छोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी खटीमा व सितारगंज को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता राशि वितरित कराएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी रविन्द्र बिष्ट, रविन्द्र जुवाठा, अधिशासी अभियंता हेड वर्क खण्ड बरेली राजीव कुमार सिंह, महाप्रबंधक रामगंगा एवं शारदा वैली यूजेवीएनएल लोहियाहेड महकार सिंह, उपमहाप्रबंधक लोहियाहेड यूजेवीएनएल पुनीत कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका खटीमा दीपक शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसबी पाण्डे, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित, अधिशासी अभियंता सिंचाई एएस नेगी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान खटीमा अजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मनोज शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ ए के वर्मा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।







## अब तक आठ हजार परिवारों को अहैतुक सहायता राशि वितरित

खटीमा। उपजिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में बाढ़ प्रभावित परिवारों को 11जुलाई को 1300, 12 जुलाई को 3000 एवं 13 जुलाई को 3700 कुल 8 हजार परिवारों को अभी तक अहैतुक सहायता राशि एवं 2100 फूड पैकेट का का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पूर्ति विभाग द्वारा ढाह ढाकी में राहत शिविर किचन संचालित किया जा रहा है जिसमें 14 परिवारों के 57 लोगों को भोजन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगला तराई में जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावितों को फूड पैकेट वितरित किए।

# उपचुनाव में जीत पर कांग्रेसियों ने जताया हर्ष

गदरपुर(उद संवाददाता)।उपचुनाव में दोनों विधानसभा सीटें कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा जीते जाने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाते हुए मिष्ठान वितरण किया। मुख्य मार्ग पर हजारीलाल पेट्रोल पंप पर आयोजित मिष्ठान वितरण समारोह में कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की दोगली नीतियों से जनता त्रस्त आ चुकी है जिस पर आज निर्णय सम्मानित जनता ने दिया है। उत्तराखंड की बद्रीनाथ एवं मंगलौर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा सफलतापूर्वक जीत दर्ज की गई है जो कि आम जन मानस की जीत है इस मौके पर संजीव अरोड़ा,राजेश बाबा,हरविंदर बत्रा,महेंद्र पाल राजू दूमड़ा,अमरजीत सिंह, अमरूल हसन, राकेश कुमार,नरेश ,बिट्टू,भजन सिंह, सागर अरोड़ा ,विशाल तनेजा,आमिल, साजिद,केशव गुंबर ,कुणाल ग्रोवर, साहिल गुंबर,जावेद सैफी,नरेंद्र सिंह ग्रोवर ,नरेंद्र छिम्वाल,सुखबीर सिंह,रिंकू सिंह आदि समेत तमाम कांग्रेसी उपस्थित थे।



# अमेनिटी स्कूल की आरूषी ने मार्शल आर्ट में जीता स्वर्ण और कांस्य पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कश्मीर घाटी का चर्चित खेल मार्शल आर्ट एशियाई मूल का प्रमुख खेल है। इस खेल में पारंगत होकर खिलाडियों के अंदर आत्मरक्षा, अनुशासन, युद्ध कौशल एवं नियंत्रण करने की कला का विकास होता है। आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक इस खेल को खेला जाता है । अमेनिटी स्कूल की आरूषी ने 17वें अंतर्राष्ट्रीय कौशल कैम्प में प्रतिभाग किया। इसका आयोजन पहलगाम कश्मीर में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में श्रीलंका, ईरान, अफगानिस्तान, ईराक, भूटान, आदि एशियाई देशों ने प्रतिभाग किया। आरूषी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए कांस्य एव स्वर्ण प्राप्त कर न केवल अमेनिटी स्कूल व अपने राज्य उत्तराखण्ड अपितु भारत का नाम रोशन किया। अब आरूषी अंतर्राष्ट्रीय वर्ल्ड प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी और आशा है कि वह अच्छा खेलते हुए अपने देश का नाम रोशन करेंगी। आरुषि की इस आशातीत सफलता के लिए विद्यालय के व्यवस्थापक सुभाष अरोरा,व्यवस्थापिका सुनीता अरोरा व प्रधानाचार्या श्रीमती इन्द्रा त्रिपाठी सहित समस्त शिक्षक गणों ने शुभकामनाऐं दी और ईराक में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीत की मंगल कामना की।



# होली चाइल्ड स्कूल में छात्र संघ का हुआ गठन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल के ऑडिटोरियम में 'इनवेस्टिचर सेरेमनी' का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपति अपेक्स कॉलेज के निदेशक व समाजसेवी अशोक अदलखा तथा विशिष्ट अतिथि, क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्योगपति व अपेक्स कॉलेज के निदेशक राजेन्द्र पाल सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात् बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना पर भक्तिभावपूर्ण नृत्य एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। नव गठित छात्र संघ में हेड ब्वाय-लक्ष्य बत्रा, हेड गर्ल-निदा सगीर, एडवाइजर -आयुश गुप्ता, डिप्टी हेड ब्याय-शिबेन्दु दुबे, डिप्टी हेड गर्ल-अनन्या सक्सेना, सॉंस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख-जतिन यादव व रिमझिम गाँधी, स्पोर्ट्स कैप्टन-हरप्रीत सिंह व शगुन सिंह, डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन-हर्ष बठला व इशमीत कौर चयनित किए गए। इसके साथ-साथ ही हाउस कैप्टन, सूचना प्रद्योगिकी क्लब एवं अनुशासन प्रमुख का चयन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद एवं गरिमा की शपथ दिलाई। कर्तव्य पालन की शिक्षा देते हुए अपने कार्यो को ईमानदारी से करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अशोक अदलखा ने अपने संदेश में नव निर्वाचित छात्र संघ को बधाई दी एवं कर्तव्यनिष्ठ व निष्पक्ष रूप से कार्य करने प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि, राजेन्द्र पाल सिंह ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी छात्रों की सफलता के शिखर पर पहुँचने की पहली सीढ़ी है, छात्रों को जिम्मेदारी अनुशासन और सेवा की भावना का विकास करने हेतु सौंपी जाती है। इसी सीढ़ी पर चढ़कर वह जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार होते है। विद्यालय के वाइस चेयरमैन श्री विकास बत्रा ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित छात्रसंघ को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा अपने संदेश में कहा कि छात्र संघ के गठन से छात्रों में नेतृत्व की भावना विकसित होती और सर्वांगीण विकास होता है। नवनिर्वाचित छात्र संघ को संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आर के बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एम डी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा,विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व श्रीमति मंजू अधिकारी, कोआर्डिनेटर श्रीमति जसपाल कौर व तान्या हुड़िया तथा समस्त विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।






# सिचाई विभाग कालोनी में किया पौधारोपण

रुद्रपुर (उधम सिंह नगर) आओ पौधे लगाएं, धरा को हरा भरा बनाए अभियान के तहत रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने कैनाल कालोनी में दर्जनों छायादार पौधे रोपे। फाउंडेशन मंगलवार को हरेला पर्व पर भी इसी कालोनी में पौधारोपण अभियान चलाएगी। राइजिंग फाउंडेशन ने रविवार को भी पौधारोपण अभियान चलाया। सिंचाई विभाग कैनाल कालोनी में राइजिंग के सदस्यों ने 50 से अधिक नीम,गुलमोहर, कनेर ,अमलतास आदि छायादार पौधे रोपे।फाउंडेशन अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि



संस्था द्वारा शहर को हरा भरा रखने के लिए पौधारोपण अभियान किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे ही हमारे जीवन रक्षक है ।साथ ही पेड़ पौधे की अधिकता मानव जीवन को स्वास्थ्य रखने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए सामूहिक जिम्मेदारी के साथ सभी को ना सिर्फ पौधे लगाने चाहिए बल्कि उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।इस मौके पर मुनिंदर कुमार ,पुष्कर मल,ओंकार सिंह ढिल्लो,गिरीश जोशी,श्याम सुंदर अग्रवाल,सुनील आर्य, महेश कुशवाह,राजीव कामरा, आलोक जैन,गौतम थापा, राजीव जल्होत्रा,योगेश ततराड़ी,डाक्टर सुभाष यादव, मैरी थापा,राहुल ग्रोवर,दीपक अग्रवाल,अजय कुमार सिंह,माधव कुशवाह,हिमांक कुशवाह,तेजस ढिल्लो आदि थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## एक्सप्रेस वे पर भीषण दुर्घटनाएं

तमाम सरकारी दावों के बावजूद देश में सड़क दुर्घटनाएं कम नहीं हो पा रही हैं। आए दिन बड़े सड़क हादसों की खबरें आ जाती हैं। खासकर आधुनिक तकनीक से बने एक्सप्रेस-वे पर भीषण दुर्घटनाएं हो रही हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार बस के टैंकर से टकराने और उसमें अठारह लोगों के मारे जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। पहले भी इस मार्ग पर कई बड़े हादसे हो चुके हैं। सवाल है कि एक्सप्रेस-वे पर आखिर इतने बड़े हादसे क्यों हो रहे हैं? पिछले वर्ष नवंबर में केंद्र सरकार की तरफ से जारी एक रपट के मुताबिक, 2022 में देशभर में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 32.9 फीसद एक्सप्रेस-वे पर हुईं और इनकी वजह तेज रफ्तार थी। दरअसल, एक्सप्रेस-वे पर दिन-प्रतिदिन वाहनों का दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में तेज गति से गाड़ी चलाने पर दुर्घटना की संभावना हर वक्त बनी रहती है। वैसे तो यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से निपटने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। मगर, ये कानून तभी कारगर साबित होंगे, जब प्रशासनिक तंत्र इन पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करेगा। अक्सर देखा गया है कि दुर्घटना संभावित चिह्नित स्थलों पर भी वाहनों की निगरानी के लिए माकूल व्यवस्था नदारद होती है। हालांकि, एक्सप्रेस-वे पर सीसीटीवी की व्यवस्था है, लेकिन उनकी भी नियमित निगरानी किए जाने की जरूरत है, ताकि दुर्घटना के संभावित खतरों को समय रहते टाला जा सके। बढ़ते सड़क हादसों के मद्देनजर एक्सप्रेस-वे पर यातायात पुलिस की गश्त बढ़ाने, आपात सेवा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली स्थापित करने तथा कार्रवाई में देरी करने पर जिम्मेदारी तय करने का मुद्दा भी उठाया जाता रहा है। मगर, इस दिशा में कोई ठोस पहल नजर नहीं आती है। तेज रफ्तार के अलावा लापरवाही से वाहन चलाना, क्षमता से अधिक यात्री बिठाना, अकुशल चालक और नशे में वाहन चलाना भी सड़क हादसों का कारण बनता है। इन पर रोक लगाने के लिए पुलिस और प्रशासन के स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए जाने की जरूरत है। व्यवस्था में खामी के लिए जवाबदेही तय करना जरूरी है, तभी सुधार की उम्मीद की जा सकती है।

## ईश्वर होने का प्रमाण

अमेरिका के एक शहर डेट्रायट में एडवर्ड नाम का एक लड़का रहता था उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी मां एंजिला लोगो के घरों में काम करके अपना व एडवर्ड का गुजारा करती थी। एडवर्ड शर्मीले स्वभाव का लड़का था एक दिन स्कूल से लौटकर उसने एक पत्र मां को पकड़ाया और कहा मां ये शिक्षक ने भेजा है पता नहीं क्या लिखा है। चिठ्ठी में सच लिखा मां छिपाया उसे खाने के लिए कह अन्दर भाग गयी फिर उस पत्र को ध्यान से पढ़ने लगी फिर उसके



पास आकर बोली, इसमें शिक्षक ने लिखा है बेटा, कि एडवर्ड बहुत होशियार बालक है। हमारे पास इसे पढ़ाने लायक शिक्षक नहीं है इसलिए इसे किसी और स्कूल में भेजे ।एडवर्ड स्कूल छुटने से स्कूल -साथियों के छुटने से बहुत दु:खी हुआ परन्तु मां की बातें सुनकर उसका मन आत्मविश्वास से भर उठा। मां ने उसका दाखिला दुसरे स्कूल में करा दिया वहां एडवर्ड ने खूब मेहनत से पढ़ाई की, पढ़-लिख कर बड़ा होकर वह एक सफल व्यवसायी बना।परन्तु एडवर्ड की मां एक दिन बिमारी के कारण चल बसी एक दिन उसकी नजर अलमारी में पड़े पुरानी चिट्ठी पर पड़ी वह हैरान सा उसे देखकर पड़ने लगा यह वही चिठ्ठी थी जो शिक्षक ने बचपन उसे दी थी।जो उसकी मां ने अलमारी में ऊपर छुपाकर रख छोड़ी थी उसमें शिक्षक ने लिखा था कि आपका बेटा पढ़ाई में बहुत कमजोर है इसकी बुद्धि विकसित नहीं हुई है हम उसे यहां नहीं पढ़ा सकते तब उसे अहसास हुआ कि मां ने कैसे सच छुपाकर उसका आत्मविश्वास बढ़ाकर और उसकी जिंदगी बदल दी थी उस चिठ्ठी को पढ़कर को पढ़कर एडवर्ड के नेत्र सजल हो गये थे परन्तु मां का आभार व्यक्त करने के लिए अब मां भी उसके पास नहीं थी मुंह से अनायास ही निकल पड़ा ईश्वर होने का सबसे बड़ा प्रमाण है कि हर व्यक्ति के पास मां है ।हमे उसका हर पल शुक्रगुजार होना चाहिए ।

**-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर**

# देश की सड़कों पर बढ़ते हादसे

देश में सड़कों पर एक्सप्रेस हाइवे, चौड़ीकरण और ग्रामों में सड़कों के विस्तार से जिस अनुपात में रफ्तार की सुविधा बढ़ी है, उसी अनुपात में दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। दुर्घटनाएं भी भीषण रूप में देखने में आ रही हैं। आधुनिक तकनीक से निर्मित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तेज गति से चल रही बस उन्नाव में तेज रफ्तार से चल रहे टैंकर से टकरा गई, जिसमें 18 लोगों के मारे जाने की घटना, पूर्व की दुर्घटनाओं की ताजा कड़ी है। पूरे देश में एक्सप्रेस-वे पर निरंतर दुर्घटनाएं घट रही हैं। यह चिंता की बात है कि आखिर ये आम लोगों में बेफिक्री से वाहन चलाने का चलन बढ़ा हैं। साथ ही इन क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण की सुविधा नहीं होना भी हादसों का एक कारण है।सड़क हादसों में भारत को हर साल मानव संसाधन का सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय सड़क संगठन (आईआरएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से ज्यादा हैं। इस जानकारी के अनुसार 12.5 लाख लोगों की दुनिया में प्रतिवर्श सड़क हादसों में मौतें होती हैं, इनमें सर्वाधिक भारत में होती है। जो परिवार कि, 'शराब के भयावह सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर खूब चर्चा की जाती है, लेकिन संवैधानिक निर्देश के बावजूद सरकारें शराब पर अंकुश लगाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखा पाती हैं। शराब कारोबारी भी धन के बूते ऐसी पहलों को व्यर्थ कर देते है और सरकारें राजस्व कमाई की दुहाई देकर शराब बिक्री जारी रखती हैं। पिछले डेढ़ दशक में देशभर की सड़कों पर क्षमता से अधिक वाहन आए हैं। अगस्त 2022 में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में जानकारी दी थी कि लिए परिवार नियोजन की जरुरत ही नहीं रह जाएगी ? यातायात सुचारु रूप से संचालित हो, इसके लिए जापान, अमेरिका और सिंगापुर के यातायात कानून से भी सीख लेने की बात कही जा रही है। खासतौर से यूरोपीय देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आचार संहिता लागू है, जिसका ज्यादातर देश पालन करते हैं। इस संहिता के मुताबिक यदि किसी कार की गति 35 किमी प्रति घंटा है, तो दो कारों के बीच की दूरी 74 फीट होनी चाहिए। 40 मील प्रतिघंटा की रफ्तार होने पर यह अंतर 104 फीट और 45 फीट की गति पर यह अंतर 132 फीट



हादसे क्यों हो रहे हैं ? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। ऐसे में जल्दी मंजिल पाने की होड़ में वाहनों की गति बढ़ा दी जाती है और जब सामने कोई जानवर या वाहन आ जाता है तो रफ्तार को नियंत्रित करना संभव नहीं रह जाता। शराब पीकर वाहन चलाना भी दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है। अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं। किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है। इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। यह वाकई हकीकत है। ग्रामीण इलाकों में जबसे ट्रेक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। विडंबना यह भी रही कि इसी दौरान गांव-गांव शराब की वैध-अवैध बिक्री भी शुरू हो गई, जो दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण बन रही है। यही वह दौर रहा है जब हादसे में अपने परिजन को गंवाता है, उस पर पांच लाख रुपए का औसतन अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी हैं, वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बाइकर्स का आतंक छाया हुआ है। दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे,जिससे घटनाएं कम हों। राजमार्ग लंबे व तेजगति के सफर के लिए होते हैं। इसलिए अकसर वाहनों की गति तेज रहती है। भारी मालवाहक वाहन राजमार्गों से ही गुजरते हैं। ऐसे में यदि वाहन चालकों को आसानी से शराब की उपलब्धता दिखाई दे तो उसके प्रति स्वाभाविक रूप से लालच पैदा हो जाता है। इसके सेवन के साथ ही खतरे की आशंका बढ़ जाती है। राजमार्गों पर हर पांच किलोमीटर की दूरी पर औसतन शराब की तीन दुकानें हैं। इस बावत पूर्व प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शराब लॉबी के दबाव में अंधाधुंध परमिट बांटने की प्रवृत्ति पर टिप्पणी करते हुए कहा था देश में 21 करोड़ से ज्यादा दो पहिया और सात करोड़ से ज्यादा चार पहिया वाहन पंजीकृत हैं। नतीजतन सड़क दुर्घटनाएं भी नई ऊंचाई पर पहुंच रही हैं। केंद्र सरकार के सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, इनमें 1,68,491 लोगों की मौतें हुईं और करीब 4.45 लाख लोग भी घायल भी हुए थे। 2021 की तुलना में 2022 में 12 प्रतिशत दुर्घटनाएं बढ़ गई और मरने वालों की संख्या भी 9.4 प्रतिशत बढ़ गई है। इन हादसों में ज्यादातर मरने वाले लोगों में 40 फीसदी, 26 से 45 आयुवर्ग के होते हैं। यही वह महत्वपूर्ण समय होता है, जब इन पर परिवार के उत्तरदायित्व के निर्वहन का सबसे ज्यादा दबाव होता है। ऐसे में दुर्घटना में प्राण गवां चुके व्यक्ति के परिजनों पर सामाजिक, आर्थिक और आवासीय समस्याओं का संकट एक साथ टूट पड़ता है। इन हादसों में 19 से 25 साल के इतने युवा मारे जाते हैं, जितने लोग कैंसर, टीबी और मलेरिया से भी नहीं मरते। ये हादसे मानवजन्य विसंगतियों को भी बढ़ावा दे रहे हैं। आबादी में पीढ़ी व आयुवर्ग के अनुसार जो अंतर होना चाहिए, उसका संतुलन भी गड़बड़ा रहा है। यदि सड़क पर गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि शायद आबादी नियंत्रण के होना चाहिए। संहिता में चालकों के नियम भी तय किए गए हैं। यदि चालक की मुट्ठी बंद करने की ताकत पौने सोलह किलोग्राम से कम निकलती है तो माना जाना चाहिए कि यह व्यक्ति वाहन चलाने लायक नहीं है। संहिता की शर्त के मुताबिक वाहन चलाने लायक उस व्यक्ति को माना जाएगा जो 20 मीटर आगे चल रहे वाहन का नंबर आसानी से पढ़ ले। हमारे यहां तो 80 साल के शक्ति और दृष्टि से कमजोर हो चुके बुजुर्ग भी सड़कों पर वाहन चलाते खूब देखे जाते हैं। फिर वाहनों के अनुपात में हमारी सड़कों पर जगह भी नहीं है। 74 फीट दूरी बनाएं रखने की बात तो छोड़िए, देश के महानगरों में 2 से 5 फीट की दूरी वाहनों के बीच बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। जाहिर है, हम लायसेंस प्रणाली को श्रेष्ठ बनाने के लिए बात भले दुनिया के देशों का अनुकरण करने की करें, लेकिन नतीजे कारगर निकलें ऐसी उम्मीद कम ही है ? लिहाजा सड़कों से वाहन कम किए बिना दुर्घटनाओं से छुटकारा मुश्किल है। दूसरी तरफ कार एवं बाइक लॉबी हमारे यहां इतनी मजबूत है कि वह कारों के उत्पादन में कमी लाने नहीं देगी, बल्कि उसकी तो कोशिश है कि कारें सड़कों पर निर्बाध चलें। इसके लिए पदयात्री, साइकिल, तांगा और साइकिल रिक्शा को ही सड़कों से हटा दिया जाए ?

**-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# खाती गांव की सड़क बदहाल: गड्ढों को भरकर निकाला शवयात्रा का वाहन

कांडा(उद संवाददाता)। कांडा-रावतसेरा-बांसपठान मोटर मार्ग के किनारे नाली निर्माण नहीं होने से सड़क का पानी खातीगांव- अठपैसिया मोटर मार्ग पर जा रहा था। इस कारण सड़क की हालत खस्ताहाल हो गई। शुक्रवार को चंतोला से शवदाह के लिए जा रहे शवयात्री भी सड़क में बने गड्ढों में वाहन को कीचड़ और गहरे गड्ढों से बचाने के लिए जैसे तैसे वाहन को निकालने में जुट गए। शवयात्रा में जा रहे ग्रामीण इस मार्ग पर ढाई घंटे तक फंस गए। बाद में ग्रामीणों ने किसी तरह गड्ढों को भरकर शव रखे वाहन को वहां से निकाला। शव यात्रियों के फंसने के बाद लोनिवि की भी कुंभकर्णी नींद खुल गई। उन्होंने दोनों ही मार्ग पर नाली निर्माण करा दिया है। मालूम हो कि कांडा रावतसेरा बांसपटान सड़क किनारे नाली का निर्माण लंबे समय से नहीं हो रहा था। इस कारण इस सड़क ने खातीगाव- अठपैसिया सड़क को भी ध्वस्त कर दिया। इतना ही नहीं सड़क में



बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। शुक्रवार को चंतोला के शवयात्री इसी मार्ग पर फंस गए। उन्होंने दो घंटे जेसीबी मशीन का इंतजार किया, जब मशीन नहीं आई तो खुद ही मार्ग ठीक किया और शव यात्रा आगे बढ़ाई। इस समस्या से निजात के लिए शवयात्रियों द्वारा सड़क पर बने गड्ढों को भरने नाली निकास के लिए सामूहिक प्रयास कर अपने वाहनों को कीचड़ और गड्ढों में से निकालने की कोशिश शोशल मीडिया में आई व खबर छपते ही विभाग हरकत में आया। शनिवार को लोनिवि के जेई लोकेश कुमार के नेतृत्व में काम चला। दोनों ही मार्ग पर नालियों का निर्माण किया गया। अब नाली के माध्मय से सड़क का पानी मंगरू गधेरे में जाएगा। अब लोगों को यात्रा करने में परेशानी भी नहीं होगी। विभाग ने अठपैसिया की चढ़ाई में पूरा पत्थर बिछाकर रोड रोलर चलाकर समतल कर दिया गया हैं।

## 14 साल पहले स्वीकृत हुई सड़क निर्माण निरस्त होने से ग्रामीण नाराज

कांडा(उद संवाददाता)। 14 साल पहले स्वीकृत सड़क को निरस्त किए जाने की सुगबुगाहट पर झांकरा समेत क्षेत्र के ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज ग्रामीणों ने 14 साल पूर्व सड़क की स्वीकृति के बाद अब तक सड़क का डामरीकरण हो जाने के बजाय सड़क निर्माण के बजाय सड़क निर्माण की फाइल के निरस्त होने की सूचना पर रोष जताया है।नाराज ग्रामीणों ने विधायक को पत्र लिखकर स्वीकृत मार्ग का निर्माण निरस्त करने के बजाय शीघ्र सड़क निर्माण का कार्य पूरा करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया को लिखे शिकायती पत्र में ग्रामीणों का कहना है कि सरकार एक ओर गांव-गांव सड़क पहुंचने की बात कर रही है, वहीं उनके गांव के लिए स्वीकृत तल्ला भंतोला-झाकरा मोटर मार्ग को निरस्त करने पर तुली हुई है। यह मार्ग 2010 में स्वीकृत हुई है। एक किमी सड़क भी बन चुकी है। जिसका मुआवजा भी किसानों को मिल गया है। अब सड़क का लाभ देने के बजाय कार्यदाई विभाग द्वारा उन्हें उलझाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि सड़क नहीं होने से मरीजों को ले जाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चेतावनी दी कि यदि सड़क का निर्माण पूरा नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। वही ग्राम प्रधान सेरी राजेंद्र धामी, भंतोला ललित मोहन जोशी, सूबेदार रमेश जोशी, क्षेपं सदस्य जाखनी श्रद्धा जोशी, उदय सिंह राठौर, पूर्व प्रधान झाकरा गिरीश चंद्र जोशी, मोहन चंद्र जोशी, रमेश चंद्र जोशी, जर्नादन जोशी, मदन मोहन जोशी, आनंद राठौर, लछम सिंह राजेन्द्र सिंह, रमेश आदि ने शीघ्र ग्रामीणों को सड़क सुविधा का लाभ नही देने पर आंदोलन की चेतावनी दी हैं।

# व्यापार मण्डल चुनाव में बर्दाश्त नहीं की जाएगी नियमों की अनदेखी

## निवर्तमान पदाधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया का संज्ञान लेने पर प्रशासन का जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई के चुनाव को लेकर के निवर्तमान नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर प्रशासन द्वारा चुनाव प्रक्रिया पर संज्ञान लिए जाने पर आभार व्यक्त किया। एक होटल में प्रेस वार्ता करते हुए निवर्तमान व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा एवं कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने कहा कि वह चुनाव के विरोधी नहीं है बल्कि चुनाव प्रक्रिया के विरोधी है जिसके लिए उन्होंने व्यापारियों की लड़ाई लड़ते हुए चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए संघर्ष किया। कहा कि नगर व्यापार मंडल के चुनाव में एक व्यक्ति द्वारा चुनाव प्रक्रिया को हैक कर सदस्यता अभियान चलाया गया जो कि व्यापारियों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नियमावली को ताक पर रखकर चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई है जिसका वे विरोध करते हैं। कहा कि प्रशासन द्वारा चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। जिन लोगों ने नगर व्यापार मंडल के चुनाव प्रक्रिया में



पात्रता को लेकर उनका साथ दिया है वह उनके आभारी हैं। उन्होंने कहा कि यह 2500 व्यापारियों के हितों की बात थी जिसकी उनके द्वारा लड़ाई लड़ी गई। चुनाव प्रक्रिया को उन्होंने लड़ाई लड़कर बंधन मुक्त करवाया है। नगर व्यापार मंडल के निवर्तमान कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने कहा कि नगर व्यापार मंडल के संपूर्ण आय व्यय का ब्योरा उपलब्ध है जिस किसी व्यापारी को भी चाहिए तो वह उनसे संपूर्ण आय व्यय का विवरण ले सकता है किंतु जिस प्रकार चुनाव समिति द्वारा चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई वह नगर व्यापार मंडल के लिए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नियमावली केअनुरूप नहीं था। जिसका वह विरोध कर रहे थे उन्होंने कहा कि उन लोगों की एकमात्र मांग थी कि व्यापारियों को कैंप लगाकर ही सदस्यता दी जाए जो कि चुनाव संचालन समिति द्वारा नहीं अपनाया जा रहा था क्योंकि अभी तक सदस्यता अभियान संपूर्ण नहीं हो पाया जिसको उनके द्वारा जिला प्रशासन से संज्ञान लेने की मांग की गई थी जिस पर प्रशासन द्वारा संज्ञान लेते ही संगठन के नियमावली को उपलब्ध कराया है तथा चुनाव संचालन समिति से भी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता तरीके से कराए जाने की बात कही है। यह उनके प्रयास का ही नतीजा है। नेता द्वय ने कहा कि नगर व्यापार मंडल के चुनाव में किसी भी प्रकार की अपारदर्शिता को वे लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे तथा यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से व्यापारी नेता प्रमोद ठुकराल संजीव सिंह आदि लोगों उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है हरेला पर्व: पाण्डे

गूलरभोज (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के लोकपर्व 'हरेला' के उपलक्ष्य में ए०एन०के० इन्टर कॉलेज एवं राजकीय प्रयासों एवं जनसहभागिता के माध्यम से वृहद पौधारोपण कार्यक्रम पर्यावरण की रखवाली, घर-घर हरियाली, लाये समृद्धि और खुशहाली थीम के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक अरविन्द पाण्डेय ने कहा कि यह पर्व हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत



महत्वपूर्ण है और यह हमें पर्यावरण संरक्षण एवं सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने का संदेश देता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता दूबे,अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दूबे, वार्ड नंबर 1 के निवर्तमान सभासद रमेश कुमार, नंदन सिंह कोश्यारी, विद्यालय के शिक्षक गण, नगर पंचायत स्टाफ एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने बांटा मिष्ठान

गदरपुर(उद संवाददाता)। बद्रीनाथ और मंगलोर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेस नेता सिद्धार्थ भुसरी के नेतृत्व में रविवार को उनके प्रतिष्ठान के बाहर दर्जनों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी जाहिर की। सिद्धार्थ भुसरी ने बताया कि भाजपा ने पूरे धनबल और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया लोगों को शराब बांटी इसके बाद भी जनता ने भाजपा को नकार दिया उपचुनाव में हुई जीत लोकतंत्र की जीत है। वही नगर अध्यक्ष



सिद्धार्थ भुसरी ने बद्रीनाथ व मंगलोर विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करने पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला व काजी निजामुद्दीन को बधाई दी है। उन्होंने लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में कांग्रेस के साथ खड़े रहने के लिए बद्रीनाथ और मंगलौर की सम्मानित जनता का आभार जताया है। इस दौरान मिष्ठान वितरण करने वालों में पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, ऋषभ कंबोज, संजीव झाम, अनिल सिंह, शाकिर अली, सलीम बाबा, पारस धवन, शित्रनाथ विश्वास सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपचुनाव में दोनों सीटें जीतने पर झूमे कांग्रेसी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेसियों ने भगत सिंह चौक पर एकत्र होकर जश्न मनाते हुए मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की अगुवाई में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार को भगत सिंह चौक पर एकत्र हुए। कांग्रेसियों ने मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गयी। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा का घमण्ड एक बार फिर चूर हो गया है। धर्मनगरी अयोध्या के बाद बद्रीनाथ में भाजपा की हार ने यह साबित कर दिया है कि अब धर्म के नाम पर राजनीति नहीं चलेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी थी। मुख्यमंत्री खुद इन दोनों सीटों को जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे थे। हिमांशु गावा ने



कहा कि दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव के हार से भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो गयी है। भाजपा सरकार से प्रदेश की जनता का मोह भंग हो चुका है। मंगलौर और बद्रीनाथ की जनता ने भाजपा सरकार के खिलाफ जनादेश देकर भ्रष्टाचार, महंगाई और जनविरोधी नीतियों का करारा जवाब दिया है। हिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि उत्तराखण्ड की जनता अब भाजपा नेताओं के जुमलों को अच्छी तरह समझ चुकी है, अभी तो भाजपा की हार की शुरूआत हुयी है, आगामी निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव में भी भाजपा का बुरा हश्र होगा। उसके बाद 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सौरभ चिलाना, पूर्व दर्जा मंत्री हरीश बावरा, अनिल शर्मा, पूर्व मेयर प्रत्याशी ममता रानी, उमा सरकार, प्रकाशशर्मा, प्रवेश कुरैशी, बाबू खान, उमर अली, संदीप चीमा, योगेश चौहान, फुदेना साहनी, बाबू विश्वकर्मा, रामाधारी गंगवार, साजिद खां आदि मौजूद थे।

# 6 लीटर के दूध पैकिंग व आँचल शहद की लांचिंग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ ने 6 लीटर पॉलीपेक में स्टेंडर्ड / फूल क्रीम दूध व आँचल शहद की लॉचिंग की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा ने कहा कि पशुपालकों को पशुओं को पोष्टिक आहार उपलब्ध कराना चाहिए। पोष्टिक आहार से जहां पशु के स्वास्थ्य में वृद्धि होती है, वहीं दूध के उत्पादन में भी बढ़ोतरी दर्ज की जाती है। उनका कहना था कि पशु



स्वास्थ्य पर ही दुग्ध उत्पादन का पूरा कारोबार कायम है। नैनीताल दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों के हित मे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दुग्ध के दामों में 12 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दुग्ध उत्पादकों को लाभ दिलाने में कीर्तिमान स्थापित किया है। दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट ने कहा कि पशु पालकों के हितों को लेकर प्रदेश की धामी सरकार गंभीर है और पशुपालकों को उनके दुग्ध उत्पादों का भरपूर मूल्य मिल रहा है।उत्तराखंड मंडी पारिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि दूध के 6 लीटर का पॉलीपेक बाजार में उतार कर नैनीताल दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ ने एक अच्छी पहल की है। जिसके भविष्य में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस पेक को बाजार में उतारने से उपभोक्ताओं कोआर्थिक लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, पूर्व विधायक नवीन दुमका, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, पूर्व दर्जा मंत्री गजराज बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रोतेला, प्रमोद बोरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शिविर में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर द्वारा पखवाड़े के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन शाखा अध्यक्ष रविन्द्र बजाज एवं जय किशन अरोड़ा ने फीता काट कर किया।उद्घाटन के पश्चात भारत माता और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर रक्तदान प्रारंभ किया।शाखा अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने बताया कि परिषद अपने 62 वें स्थापना दिवस के अवसर सेवा पखवाड़े का आयोजन कर रहा है।इस पखवाड़े के अंतर्गत रक्तदान, वृक्षारोपण,अनीमिया जाँच,बाल संस्कार शिविर सहित अनेकों सेवा कार्य किए जाएंगे।शिविर के दौरान रक्त दान के क्षेत्र में विशेष कार्य करने पर ब्लड मैन संदीप चावला तथा सोनू विश्वास को सम्मानित किया गया।इस दौरान शाखा सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष डॉ विनीत अरोड़ा,महिला अरोड़ा,राधा अरोड़ा,शीना अरोड़ा,मनीष अरोड़ा,नीरज गुंबर,नरेश छाबड़ा,शराफत अली,विजय सिडाना,अभिमन्यु




संयोजिका ज्योति अरोड़ा,दीपक सुधा, विनोद चुग,राजीव ग्रोवर,बंटी छाबड़ा, पारस धवन,रमन छाबड़ा,राज गुंबर सरोज बजाज,संगीता ग्रोवर,तृप्ति बजाज,सतीश भुड्डी, जितेन्द्र बजाज, मनोज आहूजा वाणी बजाज,प्रदीप भुड्डी, राजेंद्र बेहड़, अभिषेक चौहान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**केदारनाथ मंदिर की दिल्ली में...**की तपो भूमि है। पांडवों व भगवान श्री कृष्ण की तप भूमि है, इसके नाम को खराब न करें। तीर्थ पुरोहितों ने सरकार के विरोध में नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज किया। वहीं श्री केदारधाम होटल एसोसिएशन के सदस्यों ने सीएम धामी की इन नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में भगवान केदारनाथ के मन्दिर का निर्माण कर केदार घाटी के जनमानस की आस्था के खिलाफ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस प्रकार स्थान विशेष की महत्ता को बिगड़ना गलत है। शीघ्र इस प्रकार के गलत कार्यों को बंद नहीं किया गया तो केदारघाटी में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में होटल व्यवसायी मौजूद रहे। इस अवसर पर केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष विनोद शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी, उमेश पोस्ती, तेजप्रकाश तिवारी, अनित शुक्ला, अशोक सेमवाल, जयंत सेमवाल, राजेश कोठियाल, सतीश शुक्ला सहित कई तीर्थ पुरोहित समेत बड़ी संख्या में तीर्थपुरोहित एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**गधेरे में बहा सेना सेना का जवान...**प्रशासन से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को उपकरण दिलाकर हिमांशु को जल्द ढूंढने की मांग की है। मामले में एसडीएम केएन गोस्वामी ने कहा कि टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई है। कहा कि ड्रोन की मदद से भी हिमांशु को खोजा जा रहा है। बता दें छुट्टी पर घर आए कुमाऊं रेजीमेंट के जवान हल्छूचौड़ निवासी हिमांशु दफौटिया बीते दिनों नहाने के दौरान गधेरे में डूब गया था। हिमांशु देफौटिया सेना में तैनात थे। हिमांशु हल्द्वानी के कुछ फौजी साथियों के साथ धारी विकासखंड के पदमपुरी मार्ग पर बमेटा गांव के पुल के गदेरे में नहा रहे थे, तभी अचानक गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। उनके साथियों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह उनकी नजरों से ओझल हो गए। अभी तक हिमांशु का पता नहीं चलने पर परिजन चिंतित हैं।

**अमरनाथ नंबूदरी ...**वाली समस्त पूजाएं नए रावल अमरनाथ ही करेंगे। बता दें बदरीनाथ धाम में रावल परंपरा करीब 250 सालों से चली आ रही है। तब से यह परंपरा निर्बाध रूप से चल रही है। दक्षिण भारत के नंबूदरी ब्राह्मण ही मंदिर के रावल नियुक्त किए जाते हैं। बदरीनाथ धाम में मुख्य पुजारी को रावल कहा जाता है। बदरीनाथ के मुख्य पुजारी को यह उपाधि टिहरी नरेश प्रदीप शाह ने दी थी। सन 1776 में टिहरी के राजा प्रदीप शाह बदरीनाथ के प्रवास पर आए थे। उन्हें पता चला कि बदरीनाथ के मुख्य पुजारी जो उस समय के शंकराचार्य हुआ करते थे वे ब्रह्मलीन हो गए हैं, जिससे मंदिर में नियमित पूजा नहीं हो पा रही है। मंदिर में नियमित पूजा चलती रहे और उसमें कोई व्यवधान न हो इसके लिए उन्होंने व्यवस्था बनाने की जरूरत थी। उन्होंने गोपाल नंबूदरी को बदरीनाथ धाम का प्रथम रावल नियुक्त किया। जिसके बाद से धाम में रावल परंपरा शुरू हो गई। पहले यह व्यवस्था राजपरिवार के पास थी, बाद में बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के माध्यम से रावल की तैनाती की जाने लगी।

**बदमाश ने चाकू की ...**और डीडी चौक, पैट्रोल पम्प के पास, सेकेण्ड हैण्ड कार बिकने के स्थान के पास तक ले गये। पूजा का कहना है कि वहां पहुंचते ही चाकू दिखाकर उन्होंने उससे सोने के कुण्डल वजन आधा तोला लूट लिये। साथ ही उक्त लोग धमकी दे रहे थे कि यदि शोरगुल करोगी तो तुम्हें चाकू से जान से मार देंगे। सोने के कुण्डल लेकर उक्त दोनों लड़के उसे डराते धमकाते मौके से फरार हो गये। समाचार लिखे जाने तक पीड़िता पुलिस की चौखटों पर चक्कर लगा रही थी।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-245817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धामी के नेतृत्व में 'उपलब्धि' के सबसे बड़े 'पहाड़' पर उत्तराखंड

## सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में 79 अंक हासिल कर केरल के साथ पहले स्थान पर पहुंचा उत्तराखंड राज्य तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात एवं हिमाचल को छोड़ा पीछे,सीएम ने प्रदेश वासियों और पीएम को दिया क्रेडिट

– अर्श –

देहरादून।सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड ने गत दिवस उपलब्धि के एक और पहाड़ पर पहुंचने में सफलता पाई है। बीते रोज नीति आयोग द्वारा जारी एसजी रैंकिंग इंडेक्स रिपोर्ट में उत्तराखंड सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की कसौटी पर शत प्रतिशत खरा उतरा है और राज्य चौथे स्थान से लंबी छलांग लगाते हुए 79 अंक हासिल कर केरल के साथ सर्वोच्च स्थान पर जगह बनाने में सफल रहा है। नीति आयोग की ताजा एसडीजी रैंकिंग इंडेक्स रिपोर्ट में उत्तराखंड ने सतत विकास के 16 लक्ष्यों में से तकरीबन हर लक्ष्य को साधने की दिशा में पिछले वर्ष की तुलना में काफी सुधार किया है।नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सतत विकास के 16 लक्ष्यों को हासिल करने में जहां उत्तराखंड ने तमिलनाडु व कर्नाटक, गुजरात, हिमाचल सरीखे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए 79 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया है, वही केरल ने बेहतर प्रदर्शन के जरिये अपने सर्वोच्च रैंकिंग को बरकरार रखा है। सर्वोच्च पांच स्थानों पर रहने वाले राज्यों में 78 अंकों के साथ तमिलनाडु दूसरे, 77 अंकों के साथ गोवा और हिमाचल तीसरे, 76 अंकों के साथ पंजाब और सिक्किम चौथे और 75 अंकों के साथ कर्नाटक पांचवें स्थान पर रहा है। बताना होगा कि भारत का नीति आयोग देश के सभी राज्यों के सालाना विकास के आधार पर प्रतिवर्ष एक रिपोर्ट जारी करता है, जिसे सतत विकास लक्ष्यों का इंडेक्स अर्थात एसडीजी रैंकिंग इंडेक्स कहा जाता है। इस एसडीजी रैंकिंग इंडेक्स मे पिछले वर्ष उत्तराखंड चौथे



स्थान पर रहा था, लेकिन वर्ष 2023-24 में उत्तराखंड ने नीति आधारित आयोग द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों के सभी 16 मानकों में उल्लेखनीय सुधार किया है। नीति आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष के जो 16 मानक निर्धारित किए गए हैं ,उनमें उत्तराखंड ने गरीबी उन्मूल में 83 अंक ,भूखमुक्त समाज के निर्माण में 66 अंक, अच्छा स्वास्थ्य और जीवन देने में 84 ,अंक गुणवत्तापरक शिक्षा में 73 अंक, लिंग समानता उन्मूलन में 56 अंक, स्वच्छ जल व स्वच्छता में 94 अंक, क्लीन एनर्जी में 100 अंक, बेहतरीन कार्य व आर्थिक वृद्धि में 80 अंक,उद्योग एवं नवाचार व अवस्थापना में62 अंक, असमानता में कमी में 69 अंक, टिकाऊ नगर एवं समुदाय में 89 अंक, उत्तरदायित्वपूर्ण उपभोग एवं उत्पादन में 86 अंक,जलवायु कार्य में 71 अंक, जीवन एवं भूमि में 94 अंक, शांति, न्याय और सशक्त संस्थाएं में 81अंक प्राप्त किए हैं।उत्तराखंड की इस उपलब्धि से गदगद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को इसके लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद और सहयोग से ये उपलब्धि हासिल हुई। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार के विकासोन्मुखी प्रयासों से आज हमारा प्रदेश अग्रणी राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ा है। नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्य 2023-2024 की रिपोर्ट में उत्तराखंड का शीर्ष स्थान प्राप्त करना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।उन्होंने कैबिनेट के सहयोगियों, शासन व प्रशासन के अधिकारियों को भी राज्य की इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि हमारी सरकार इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय के साथ विकसित उत्तराखंड की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य में पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करते हुए सर्वस्पर्शी एवं सर्वांगीण विकास करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बिल्डर का अतिक्रमण भी किया ध्वस्त

## मीडिया के सवाल उठाने के बाद करनी पड़ी कार्रवाई

रुद्रपुर। काशीपुर रोड पर भगवानपुर में चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान प्रशासन को गरीबों की



बस्ती के साथ-साथ बिल्डर का अवैध निर्माण भी ध्वस्त करना पड़ा। अभियान के दौरान प्रशासन का ध्यान सिर्फ गरीबों के आशियानों पर था। इसी बीच जब पत्रकारों ने सवाल उठाया तो प्रशासन को बिल्डर की अवैध पार्किंग पर भी बुल्डोजर चलाना पड़ा। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में प्रशासन ने शनिवार को भगवानपुर में पुन: अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिस स्थान से पीडब्ल्यूडी की भूमि पर निर्मित पक्के निर्माणों तोड़कर अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की गई थी ठीक उस अवैध निर्माण की दीवार से देव होम बिल्डर की कॉलोनी की दीवार भी लगी हुई थी और बिल्डर द्वारा भी पीडब्ल्यूडी की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य करवा कर मौके पर कार्यालय और पार्किंग स्थल भी बनाया गया थ। कार्रवाई के दौरान जब पत्रकारों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से देवहोम बिल्डर के निर्माण के सम्बंध में सवाल किया तो लोनिवि के अधिकारी बगले झांकते नजर आए। लेकिन शाम होते-होते किसी विवाद से बचते हुए लोनिवि और जिला प्रशासन की टीम ने आखिरकार बिल्डर द्वारा कए गए अवैध निर्माण कार्य आफिस और पार्किंग स्थल को भी जेसीबी मशीनों से ध्वस्त करवा दिया।

# नाले में बहे युवक की खोज में सेफ्टी टैंक व नहरें खंगाली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दो दिन पूर्व देवखड़ी नाले में पानी के तेज बहाव में बहे युवक की तलाश में जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन और एनडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, नगर निगम, सिचाई विभाग ने गत दिवस पूरे दिन सर्च अभियान चलाया। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई और तहसीलदार सचिन कुमार के नेतृत्व में प्रशासन पुलिस और एनडीआरएफ की टीमों ने पूरे दिन देवखड़ी नाले में बहे युवक की तलाश में वाक वे मॉल के सामने पंप एवं सेप्टिक टैंक गाड़ी तथा मोटर लगा कर नहर कवरिंग वाले क्षेत्रों से पानीं बाहर निकाल कर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसके पश्चात नगर निगम से नवाबी रोड तक मेनहोल खुलवा कर खोजबीन की गयी। इस दौरान कई जगह जेसीबी लगाकर मालवा और कूड़ा हटाया गया। कई स्थानों पर सर्च अभियान में लगी टीमों ने नहर के अंदर जाकर तलाश की। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने कहा कि पुलिस प्रशासन व



अन्य टीमों द्वारा लगातार सर्च अभियान किया जा रहा है। नहर के बहाव क्षेत्र में जाने वाला पानी लालकुआं क्षेत्र की नहर में भी जाता है। सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन एनडीआरएफ टीमे सर्च अभियान चला रही है। पुलिस द्वारा जनपद उधम सिंह नगर से स्निफर डॉग मंगवाकर भी तलाशी की गई। लापता हुए व्यक्ति के परिजनों को भी अभियान की जानकारी देते हुए उनके द्वारा सुझाये गए बातों पर भी कार्य किया गया।

# पहले स्वागत किया फिर ग्राम प्रधान को ग्रामीणों ने पहनाई जूतों की माला

## आपदा क्षेत्र का दौरा करने पहुंची ग्राम प्रधान महिला का वीडियो हुआ वायरल, मुकदमा दर्ज

चंपावत। मानसून ने उत्तराखंड में कहर बरपाया हुआ है। भारी बारिश से प्रदेश के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। वहीं चंपावत जिले के बनबसा क्षेत्र की ग्राम सभा गुडमी से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां क्षेत्र के लोगों ने आपदा क्षेत्र का दौरा करने पहुंची ग्राम प्रधान को जूतों की माला पहना दी। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए केस दर्ज कर लिया है। दरअसल बीते दिनों हुई लगातार बारिश के चलते गुडमी गांव में बाढ़ आई से हालात हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दौरान गांव की प्रधान ने प्रभावितों की खैर खबर तक नहीं ली। बीती 10 जुलाई को महिला ग्राम प्रधान के साथ हुई इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि महिला ग्राम प्रधान के आने पर पहले तो ग्रामीण ताली बजाकर उसका स्वागत करते हैं। फिर जूते की माला पहनाकर अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते नजर आ रहे हैं। वहीं इस पूरे प्रकरण में ग्राम प्रधान विनीता राणा ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि बाढ़ के समय उनके घर के अंदर और बाहर लगभग आठ से नौ फीट का जलभराव हो गया था। उनका एक साल का बच्चा है जो की बीमार भी था। ऐसे में वह बाढ़ के समय अपने घर से बाहर निकलने में असमर्थ थी। लेकिन जैसे ही बाढ़ का पानी कम हुआ तो वह प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र में लोगों को इकट्ठा कर राहत सामग्री बंटवाने के लिए पहुंची थी। इस दौरान गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा उनके साथ अभद्रता करने का प्रयास किया गया और उन्हें जाति सूचक शब्दों से बुरा भला कहा गया। वहीं ग्राम प्रधान के साथ हुई इस घटना से विकासखंड के अन्य ग्राम प्रधान भी आक्रोशित हैं। प्रशासन से पीड़ित ग्राम प्रधान से अभद्रता करने वाले दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल इस मामले में पीड़ित ग्राम प्रधान के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है और न्याय की गुहार लगाई जा रही है। वहीं क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवराज सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकरण में नौ लोगों के खिलाफ नाम जद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के दौरान घटना के लिए जिम्मेदार जो लोग भी चिन्हित किए जाएंगे।




